पो. रजि. नं. जयपुर सिटी/011/2024-2026, आरएनआई रजि नं. 48910/91 fb/seemasandesh1951 seemasandesh1951@gmail.com 0141-2700113 ▪ जयपुर-श्रीगंगानगर (राज.) से एक साथ प्रकाशित ▪ जोधपुर, कोटा, नागौर से प्रसारित

"कामनाएं समुद्र की भांति अतृप्त हैं। पूर्ति का प्रयास करने पर उनका कोलाहल और बढ़ता है। -स्वामी विवेकानन्द

1951 में स्थापित

सीमा सन्देश

ताकत किसान की, जवान की

संस्थापक स्व. श्री कमल नयन शर्मा

▪ वर्ष : 33 ▪ अंक : 353 ▪ मूल्य : रु. 2.00 ▪ पृष्ठ : 08 जयपुर, रविवार, 23 जून, 2024 ऑनलाइन पढ़ें : epaper.seemasandesh.in कोटा डिस्ट्रिक्ट ... 2

पंचारिया ने कराया प्रतिभागियों को योगाभ्यास

पिलानी (सीमा सन्देश सं)। सीरी संस्थान पिलानी में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2निदेशक024 गरिमामयी ढंग से मनाया गया। इस अवसर पर डॉ पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी ने संस्थान परिसर में आयोजित योग सत्र में योग प्रशिक्षक की भूमिका निभाते हुए सूर्य नमस्कार सहित महत्वपूर्ण आसनों एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। इस अवसर पर उन्होंने सभी उपस्थित प्रतिभागियों को 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की बधाई दी तथा स्वस्थ जीवन के लिए योग एवं प्राणायाम के महत्व पर भी प्रकाश डाला। योग सत्र के दूसरे चरण में प्रतिभागियों ने स्वस्थ जीवन शैली पर अपने विचार साझा किए। सत्र का संचालन प्रशासन नियंत्रक श्री जयशंकर शरण ने किया। संचालन के दौरान उन्होंने भारतीय दर्शन में योग एवं प्राणायाम के इतिहास पर प्रकाश डाला।

सायंकालीन सत्र में संस्थान सहकर्मी एवं उनके परिजनों के लिए स्लोगन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। डॉ पंचारिया ने विजेताओं को पुरस्कृत किया और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। संस्थान में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन सीएसआईआर-सीरी स्टाफ क्लब ने किया।